**भूमिका** CORNING[1] स्पेशियल्टी ग्लास एवं सिरैमिक्स में विश्व में अग्रणी है। हम मूल-तत्व वाले घटकों की रचना करते हैं और उन्हें बनाते हैं जो उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल उत्सर्जन नियंत्रण, दूरसंचार और जीवन विज्ञान में उच्च-प्रौद्योगिकी प्रणालियों को सक्षम बनाते हैं। अपने व्यापार प्रचालनों का निष्पादन करते समय, हम अपने कर्मचारियों, आवेदकों, आकस्मिक श्रमिकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यापारिक भागीदारों के बारे में प्रासंगिक व्यक्तिगत डाटा[2] एकत्र करते हैं और उसकी प्रक्रिया करते हैं।

**उद्देश्य** इस नीति का उद्देश्य उन मानकों का वर्णन करना है जिन्हें CORNING व्यक्तिगत डाटा को संसाधित करते समय लागू करता है। यह विशेष रूप से डाटा से संबंधित उस व्यक्ति-विशेष के अधिकारों और वह उन अधिकारों का कैसे प्रयोग कर सकता है, जिसके डाटा को संसाधित किया गया है, की रूपरेखा तैयार करता है।

**दायरा** इस नीति में CORNING की किसी इकाई द्वारा अथवा उसकी ओर से संसाधित किए गए सभी व्यक्तिगत डाटा को, इस तरह के व्यक्तिगत डाटा (उदाहरण के लिए, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड्स, पेपर फाइलें, वीडियो रिकॉर्डिंग्स, इत्यादि) के प्रारूप पर ध्यान दिए बिना शामिल किया गया है।

**अभीष्ट श्रोतागण** CORNING की सभी इकाइयों और CORNING के सभी कर्मचारियों और आकस्मिक श्रमिकों के लिए इस नीति का अनुपालन करना आवश्यक है। सभी आपूर्तिकर्ताओं [3] और, लागू होने की हद तक, किसी भी तृतीय पक्ष को[4] जिसे CORNING द्वारा या इसकी ओर से व्यक्तिगत डाटा सुपुर्द किया गया हो, को व्यक्तिगत डाटा संरक्षण संबंधी ऐसे मानकों के बारे में संतोषजनक आश्वासन अवश्य प्रदान करने चाहिए जो कम से कम इस नीति में निहित के बराबर हों।

**बाध्यकारी निगमित नियम (BCRs)** CORNING समूह के अंतर्गत व्यक्तिगत डाटा स्थानांतरित करने के दौरान डाटा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, CORNING ने BCRs का एक सेट लागू किया है। BCRs का कार्यान्वियन CORNING की यूरोपीय संघ में स्थित इकाइयों से दुनिया भर में स्थित CORNING की अन्य इकाइयों को किए

---

[1] "CORNING" (या "हम," "हमारा/हमारे") – का अर्थ होगा Corning Incorporated, न्यूयॉर्क की एक कॉर्पोरेशन, जिसका मुख्यालय कॉर्निंग, न्यूयॉर्क, अमेरिका में है तथा उसकी सभी विश्वव्यापी सहायक कंपनियाँ, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, Corning Incorporated के स्वामित्व वाली या इसके द्वारा नियंत्रित हैं। जैसा कि इसमें उपयोग किया गया है, किसी कंपनी के स्वामित्व या नियंत्रण हेतु वोटिंग या इसी तरह के अन्य अधिकार के पचास प्रतिशत (50%) से अधिक का प्रतिनिधित्व करने वाले शेयर या अन्य हित के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्वामित्व की आवश्यकता है ताकि निदेशकों, प्रबंधकों, सामान्य भागीदारों, या ऐसी कंपनी के इसी तरह के अधिकारियों का चयन या नियुक्ति का जा सके। इस सामूहिक कॉर्पोरेट परिवार को यहाँ कभी-कभी "CORNING समूह" के रूप में भी संदर्भित किया जाता है।

[2] "व्यक्तिगत डाटा" का अर्थ किसी पहचाने गए या पहचाने जाने योग्य प्राकृतिक व्यक्ति से संबंधित कोई भी जानकारी ('डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष') होगा; पहचाने जाने योग्य व्यक्ति वह है, जिसे विशेष रूप से किसी पहचान संख्या या उसकी शारीरिक, शरीरतंत्र, मानसिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या सामाजिक पहचान से संबंधित एक या एक से अधिक विशिष्ट कारकों के संदर्भ द्वारा, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पहचाना जा सकता है। यदि और जिस हद तक राष्ट्रीय डाटा संरक्षण कानून लागू हैं और वे पहचानी गई या पहचाने जाने योग्य कानूनी इकाइयों से संबंधित जानकारी का भी संरक्षण करते हैं, तो पारिभाषिक शब्द "व्यक्तिगत डाटा" में इस तरह की सूचना भी शामिल होगी।

[3] आपूर्तिकर्ता का अर्थ ऐसे पारिभाषिक शब्द से होगा जिसका उपयोग Corning द्वारा अपने अधिकांश प्रोसेसरों (संसाधकों) को संदर्भित करने हेतु किया जाता है। एक आपूर्तिकर्ता, किसी अनुबंध के तहत, एक इकाई है, जो व्यक्तिगत डाटा को Corning द्वारा निर्देशित रूप में संसाधित करता है, जैसे कि भुगतान रजिस्टर प्रदाता।

[4] "तृतीय पक्ष" का अर्थ व्यक्ति-विशेष के अलावा डाटा से संबंधित कोई वास्तविक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या निकाय, नियंत्रक, संसाधक और व्यक्तियों से है जो, नियंत्रक या संसाधक के प्रत्यक्ष प्राधिकार के तहत डाटा को प्रक्रिया करने के लिए अधिकृत हैं।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

जाने वाले व्यक्तिगत डाटा हस्तांतरण[5] के लिए सुरक्षा का एक पर्याप्त स्तर प्रदान करता है। व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के संबंध में व्यक्तियों के संरक्षण के बारे में और इस तरह के डाटा की निर्बाध आवाजाही के बारे में BCRs के सिद्धांत यूरोपीय संघ के निर्देश 95/46/EC दिनांक 24 अक्टूबर,1995 से संगतता रखते हैं ("यूरोपीय संघ के निदेश")। BCRs व्यक्तिगत डाटा इंट्रा-समूह के अंतर्राष्ट्रीय हस्तांतरण को वैध बनाने का साधन मात्र नहीं है, बल्कि यह CORNING को दुनिया भर में डाटा गोपनीयता अनुपालन करने हेतु एक सुसंगत और प्रभावी दृष्टिकोण को लागू करने में सक्षम बनाता है। यद्यपि यूरोपीय संघ का कानून केवल यूरोपीय संघ में उपयोग और एकत्र किए गए व्यक्तिगत डाटा पर लागू होता है, पर CORNING BCRs को वैश्विक रूप से और उन सभी मामलों में लागू करता है जहाँ CORNING व्यक्तिगत डाटा की प्रक्रिया करता है।

BCRs के बारे में अधिक जानने के लिए, कृपया देखें: *http://www.corning.com/worldwide/en/privacy-policy/binding-corporate-rules.html*

**प्रकाशन** CORNING डाटा से संबंधित हर व्यक्ति-विशेष को वर्तमान नीति आसानी से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। इस उद्देश्य के लिए, इस नीति के वर्तमान संस्करण को CORNING की इंट्रानेट और CORNING की बाह्य वेबसाइट पर पोस्ट किया गया है।

**सामान्य नियम**

CORNING, BCRs में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार, अपने कर्मचारियों, आवेदकों, आकस्मिक श्रमिकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, व्यापारिक भागीदारों और अन्य लोगों, जिनके साथ यह संपर्क करता है, के द्वारा इसे सुपुर्द किए गए व्यक्तिगत डाटा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

CORNING की डाटा संरक्षण पद्धतियाँ और कार्यक्रम CORNING के मूल्यों और लागू कानूनों एवं विनियमों के साथ संरेखित हैं। CORNING अपने आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक भागीदारों के लिए उन्हें सुपुर्द किए गए व्यक्तिगत डाटा के लिए डाटा संरक्षण पद्धतियों को बनाए रखना आवश्यक समझता है जो कम से कम वैसी सख़्त हों जैसी कि CORNING के BCRs में विस्तार से बताई गई हैं।

**डाटा संरक्षण के लिए बुनियाद**

व्यक्तिगत डाटा के लिए CORNING की प्रोसेसिंग[6] डाटा संरक्षण के निम्नलिखित बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित है:

- **व्यक्तिगत डाटा और संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा[7] की प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार**: यूरोपीय संघ के निदेश और CORNING के BCRs।

---

[5] "डाटा हस्तांतरण" का अर्थ किसी एक इकाई से किसी दूसरी इकाई को व्यक्तिगत डाटा का हस्तांतरण होगा। किसी नेटवर्क के माध्यम से व्यक्तिगत डाटा का संप्रेषण, कॉपी, स्थानांतरण या प्रकटीकरण के द्वारा हस्तांतरण किया जा सकता है, जिसमें किसी डाटाबेस में दूरस्थ एक्सेस (पहुँच) या एक माध्यम से दूसरे में हस्तांतरण शामिल है, भले माध्यम का प्रकार कोई भी हो (उदाहरण के लिए, किसी कंप्यूटर की हार्ड डिस्क को किसी सर्वर से)।

[6] "व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग" का अर्थ कोई भी प्रचालन या प्रचालनों का सेट होगा जिसे व्यक्तिगत डाटा पर निष्पादित किया जाता है, भले ही वह संचरण, प्रसार द्वारा या अन्यथा उपलब्ध, संरेखण या संयोजन, अवरोधन, विलोपन या नष्ट करने के द्वारा संग्रहण, रिकॉर्डिंग, व्यवस्थापन, भंडारण, अनुकूलन या परिवर्तन, पुनः-प्राप्ति, परामर्श, उपयोग, प्रकटीकरण जैसे स्वचालित उपायों के जरिए हो अथवा नहीं।

[7] "संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा" का अर्थ नस्लीय या प्रजातीय मूल, राजनीतिक राय, धार्मिक या दार्शनिक धारणाओं या व्यापार संगठन की सदस्यताओं को प्रकट करने वाला डाटा, व्यक्ति-विशेष के स्वास्थ्य या यौन जीवन से संबंधित डाटा होगा।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

- **उद्देश्य सीमा-बंधन**: व्यक्तिगत डाटा का संग्रह निर्दिष्ट, स्पष्ट और वैध उद्देश्यों के लिए किया जाएगा और आगे उन्हें उन उद्देश्यों के साथ असंगत किसी तरीके से संसाधित नहीं किया जाएगा।

- **डाटा की गुणवत्ता और आनुपातिकता**: व्यक्तिगत डाटा पर्याप्त, प्रासंगिक और उन उद्देश्यों के संबंध में आवश्यकता से अधिक नहीं होगा जिनके लिए इन्हें संग्रह किया जाता है तथा/अथवा और आगे प्रक्रिया किया जाता है।

- **सटीक और अद्यतिद रखा गया**: व्यक्तिगत डाटा को सटीक रखा जाएगा, और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ अद्यतिद रखा जाएगा।

- **उपयुक्त डाटा प्रतिधारण**: व्यक्तिगत डाटा ऐसे रूप में रखा जाएगा जो डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष की पहचान उस उद्देश्य के लिए आवश्यक अवधि तक न होने दे जिसके लिए डाटा एकत्र किया गया था या जिसके लिए उन्हें और आगे प्रक्रिया किया गया है।

- **स्वचालित निर्णय**: डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को स्वयं को किसी ऐसे निर्णय के अधीन नहीं होने का अधिकार है जो डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के विषय में कानूनी प्रभाव पैदा करता है या डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को महत्त्वपूर्ण ढंग से प्रभावित करता है और जो डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष से संबंधित कुछ व्यक्तिगत पहलुओं जैसे कि डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के काम पर प्रदर्शन, साख, विश्वसनीयता, आचरण, आदि का मूल्यांकन करने के अभिप्राय से व्यक्तिगत डाटा की पूरी तरह से स्वचालित प्रोसेसिंग के आधार पर है।

- **सूचना का अधिकार**: व्यक्तिगत डाटा को हमेशा एक पारदर्शी तरीके से एकत्रित और आगे प्रक्रिया किया जाएगा।

- **व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग तक पहुँच, उसके सुधार और विलोपन, या अवरोधन और उस पर आपत्ति का अधिकार**: डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को इससे सूचित होने का अधिकार है कि CORNING उनके बारे में कौन-सा व्यक्तिगत डाटा सुरक्षित रखता है और, कुछ सीमा-बंधनों के साथ, उन्हें अपने व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग तक पहुँच, उसके सुधार और विलोपन, या अवरोधन और उस पर आपत्ति करने का अधिकार है।

- **सुरक्षा और गोपनीयता**: आकस्मिक या गैर-कानूनी विनाश या आकस्मिक हानि, परिवर्तन, अनधिकृत प्रकटीकरण या पहुँच के प्रति, और प्रोसेसिंग के अन्य सभी गैर-कानूनी रूपों के विरुद्ध व्यक्तिगत डाटा की रक्षा करने हेतु उपयुक्त तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपाय कार्यान्वित किए जाएँगे।

- **आपूर्तिकर्ताओं, तृतीय पक्षों और/अथवा तृतीय देशों को हस्तांतरण:** CORNING एक वैश्विक संगठन है, जिसकी कानूनी इकाइयाँ दुनिया भर में हैं, और इसकी व्यवसाय, सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियाँ, प्रबंधन संरचनाएँ और प्रक्रियाएँ सरहदों के पार तक हैं। CORNING के लिए प्रायः व्यक्तिगत डाटा को अन्य CORNING इकाइयों, आपूर्तिकर्ताओं, या तृतीय पक्षों को, उसी देश में या उस देश से इतर देश में जिसमें इसे आरंभ में प्रदान किया गया था, व्यक्तिगत डाटा को स्थानांतरित करना, और/अथवा व्यक्तिगत डाटा को उस डाटाबेस में संचित करना आवश्यक होता है जिसे अन्य देशों में होस्ट किया जा सकता है या उस तक अन्य देशों से एक्सेस किया जा सकता है। CORNING ने डाटा संरक्षण का प्रभावी स्तर सुनिश्चित करने के प्रयास के अंतर्गत विशेष रूप से यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) के बाहर व्यक्तिगत डाटा के हस्तांतरण के संबंध में यूरोपीय संघ के कानून द्वारा प्रदत्त सिद्धांतों, नियमों और साधनों की एक प्रणाली, BCRs को अपनाया है।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

## डाटा संरक्षण के सिद्धांत

### व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार

CORNING व्यक्तिगत डाटा का संग्रह और इसकी प्रक्रिया केवल तभी करता है यदि:

- डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष ने सुस्पष्ट रूप से सहमति दे दी है[8]; या
- किसी ऐसे अनुबंध के निष्पादन के लिए जिसका डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष एक पक्षकार है अथवा किसी अनुबंध को करने से पूर्व डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के अनुरोध पर कदम उठाने के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- CORNING के किसी कानूनी दायित्व के अनुपालन के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के महत्त्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- जन हित में किए गए किसी कार्य के निष्पादन के लिए या CORNING अथवा तृतीय पक्ष जिसके समक्ष व्यक्तिगत डाटा प्रकट किया गया है में निहित आधिकारिक प्राधिकार के प्रयोग के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- नियंत्रक[9] के रूप में CORNING या ऐसे तृतीय पक्ष या पक्षों, जिनके समक्ष व्यक्तिगत डाटा को प्रकट किया गया है, द्वारा जिन वैध हितों को सिद्ध करने का प्रयत्न किया जाता है, उनके उद्देश्यों के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है, सिवाय वहाँ जहाँ ऐसे हित डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रता के कारण उपेक्षित कर दिए जाते हैं, जिन्हें सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

CORNING अपराधों, अपराधी को सजा या सुरक्षा उपायों से संबंधित ऐसे मामलों में व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग कर सकता है जिनमें व्यक्तिगत डाटा की इस तरह की प्रक्रिया केवल किसी आधिकारिक प्राधिकारी के नियंत्रण के अधीन, तथा लागू राष्ट्रीय कानून के तहत प्रदत्त विशेष सुरक्षा उपाय का अनुपालन करते हुए की जाएगी।

### संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के लिए कानूनी आधार

CORNING संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा की प्रक्रिया नहीं करता है जब तक कि:

- डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष ने उन संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के लिए स्पष्ट सहमति न दे दी हो (सिवाय जहाँ लागू कानून इसे निषिद्ध करते हों); या
- रोज़गार कानून के क्षेत्र में नियंत्रक के रूप में कार्य करने वाली CORNING की इकाई के दायित्वों और विशिष्ट अधिकारों को पूरा करने के उद्देश्य से प्रोसेसिंग उस हद तक आवश्यक है जिस सीमा तक यह पर्याप्त सुरक्षा उपाय उपलब्ध कराने वाले राष्ट्रीय कानून द्वारा अधिकृत है; या
- डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष या किसी अन्य व्यक्ति के महत्त्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए प्रोसेसिंग आवश्यक है जहाँ डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष शारीरिक या कानूनी रूप से सहमति देने में अक्षम हो; या
- कानूनी दावों की स्थापना, उनके प्रयोग या प्रतिरक्षा के लिए संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग आवश्यक है; या
- प्रोसेसिंग उस संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा से संबंधित है जिसे डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष द्वारा प्रकट रूप से सार्वजनिक किया जाता है।

### उद्देश्य सीमा बंधन

CORNING निर्दिष्ट, स्पष्ट, और वैध उद्देश्यों के लिए व्यक्तिगत डाटा की प्रक्रिया करता है तथा इसे उस तरह से और आगे प्रक्रिया नहीं करता है कि यह उन उद्देश्यों के साथ असंगत हो जाए। CORNING व्यक्तिगत डाटा को गौण उद्देश्यों (उदाहरण के लिए, विपणन) के लिए इस बात की पुष्टि किए बिना प्रक्रिया नहीं करता है कि स्थानीय डाटा संरक्षण प्राधिकरण (DPA) को अतिरिक्त अधिसूचना दिए जाने और/या जहाँ आवश्यक हो वहाँ डाटा से संबंधित

---

[8] इस नीति में अन्यथा परिभाषित नहीं किए गए सभी पदों के लिए यूरोपीय संघ के निर्देश में अर्थ दिए गए हैं।

[9] “नियंत्रक” का अर्थ प्राकृतिक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या कोई भी अन्य निकाय होगा जो अकेले या दूसरों के साथ संयुक्त रूप से व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग के उद्देश्यों और उपायों का निर्धारण करते हैं।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

व्यक्ति-विशेष को सूचित करने या उसकी सहमति प्राप्त करने जैसी अतिरिक्त डाटा गोपनीयता संबंधी आवश्यकताओं को कार्यान्वित किया जा चुका है।

**डाटा की गुणवत्ता और आनुपातिकता**

CORNING व्यक्तिगत डाटा को उचित और वैध तरीके से, अपने वैध व्यावसायिक हितों के लिए आवश्यक हद तक, तथा व्यक्तियों के अधिकारों का विचार करते हुए, संग्रह और प्रक्रिया करता है।

CORNING व्यक्तिगत डाटा के संग्रह को वहाँ तक सीमित रखता है जो इसके व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयुक्त और आनुपातिक हो। व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग करते समय, CORNING सुनिश्चित करता है कि यह उस उद्देश्य के संबंध में पर्याप्त, प्रासंगिक हो तथा एकत्र और/या आगे प्रक्रिया किये जाने के लिए अत्यधिक नहीं हो। किसी विशेष उद्देश्य के लिए एकत्र किए जाने वाले विशिष्ट प्रकार के व्यक्तिगत डाटा संग्रह के कारण और लागू विनियमों के आधार पर विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। यदि CORNING को ऐसा व्यक्तिगत डाटा प्राप्त होता है जो संग्रह किए जाने के अभीष्ट उद्देश्य के लिए अत्यधिक या अप्रासंगिक है, या डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को दी गई जानकारी के दायरे से परे है, तो CORNING, उचित रूप से, भविष्य में प्रेषक की ओर से व्यक्तिगत डाटा के अत्यधिक या अप्रासंगिक प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाएगा, और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय (जैसे कि विनाश) करेगा कि अप्रासंगिक या अत्यधिक व्यक्तिगत डाटा को और आगे प्रक्रिया नहीं किया जाए।

**सटीक और अद्यतिद**

CORNING यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाता है कि इसके द्वारा प्रक्रिया किया जानेवाला व्यक्तिगत डाटा सटीक है, और जहाँ आवश्यक हो, वहाँ उसे सही किया जाता है और अद्यतिद रखा जाता है। CORNING, उचित रूप में, यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएगा कि ऐसा व्यक्तिगत डाटा, जो उस उद्देश्य के सम्बन्ध में अशुद्ध या अपूर्ण है जिसके लिए इसे एकत्र किया गया था या जिसके लिए इसे और और आगे प्रक्रिया किया गया है, मिटा दिया गया है या ठीक कर दिया गया है। डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष नीचे दिए प्रासंगिक अनुभाग में बताए गए CORNING के संपर्क स्थानों पर संपर्क कर सकते हैं। जहाँ संभव हो, वहाँ CORNING व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच के लिए, इसे सही और/या अद्यतन करने के लिए स्वचालित उपाय भी प्रदान करता है।

**उपयुक्त डाटा प्रतिधारण**

CORNING कानूनी और व्यावसायिक प्रतिधारण अपेक्षाओं के साथ सुसंगत व्यक्तिगत डाटा का प्रतिधारण करता है। विशेष रूप से, CORNING व्यक्तिगत डाटा को नष्ट करने के लिए उचित कदम तब उठाता है जब (i) जिस उद्देश्य के लिए उसे एकत्र किया गया था, उसकी आवश्यकता अब न रह गई हो, और/या (ii) लागू कानून (यदि कोई हो) द्वारा अनुमत अधिकतम प्रतिधारण अवधि बीत गई हो।

**स्वचालित निर्णय**

CORNING यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाता है कि डाटा से संबंधित हर व्यक्ति-विशेष को स्वचालित निर्णयों के अधीन नहीं होने का अधिकार है।

**सूचना का अधिकार**

CORNING व्यक्तिगत डाटा को उचित और वैध तरीके से, अपने वैध व्यावसायिक हितों के लिए आवश्यक हद तक, तथा व्यक्तियों के अधिकारों का विचार करते हुए एकत्र और प्रक्रिया करता है, जिसमें बिना सीमा बंधन के व्यक्ति-विशेष के बारे में एकत्र और कायम रखे गए व्यक्तिगत डाटा के बारे में सूचित किए जाने का अधिकार शामिल है।

CORNING डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को कम से कम निम्नलिखित जानकारी प्रदान करता है, सिवाय उस स्थिति के जहाँ डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष के पास वह पहले से ही हो:

- नियंत्रक और नियंत्रक के प्रतिनिधि की पहचान, यदि कोई हो, और, जब उचित हो, वह स्थान जिसमें नियंत्रक EEA के बाहर आधारित है;

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

- प्रोसेसिंग का उद्देश्य जिसके लिए व्यक्तिगत डाटा अभीष्ट है, और, जब उचित हो, EEA के बाहर हस्तांतरण(णों) का(के) प्रयोजन;
- कोई और जानकारी जैसे कि:
  - संबंधित व्यक्तिगत डाटा की श्रेणियाँ;
  - व्यक्तिगत डाटा के प्राप्तकर्ता[10] या प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियाँ;
  - क्या प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य या स्वैच्छिक हैं, और साथ ही किसी प्रश्नावली के मामले में उत्तर देने की विफलता के संभावित परिणाम;
  - व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच प्राप्त करने और इसको ठीक करने और मिटाने, अथवा अपने व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग को अवरुद्ध करने तथा इस पर आपत्ति करने के अधिकार की मौजूदगी।

जहाँ व्यक्तिगत डाटा को सीधे डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष से प्राप्त नहीं किया गया है, वहाँ CORNING डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को उपरोक्त सूचना व्यक्तिगत डाटा की रिकॉर्डिंग के समय या यदि किसी तृतीय पक्ष को किसी प्रकटीकरण पर विचार किया जा रहा है, तो जब सबसे पहले व्यक्तिगत डाटा प्रकट किया जाता है, उससे पहले, प्रदान करता है।

डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को सूचित करने का दायित्व उस स्थिति में लागू नहीं होता है यदि (i) इस तरह की जानकारी देने का प्रावधान असंभव साबित होता है, या (ii) उसके लिए असंगत प्रकृति के प्रयास करने होंगे अथवा (iii) इस तरह के व्यक्तिगत डाटा की रिकॉर्डिंग या प्रकटीकरण कानून द्वारा स्पष्ट रूप से अपेक्षित है।

**व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच, इसे ठीक करने और विलोपन करने, या इसकी प्रोसेसिंग को अवरुद्ध करने और इस पर आपत्ति करने का अधिकार**

प्रत्येक डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को CORNING से प्राप्त करने का अधिकार है:

- बिना बाधा के, उचित अंतराल पर, और बिना अत्यधिक विलंब या व्यय के, और, जहाँ लागू हो, राष्ट्रीय विधानों के अनुसार:
  - इस बात की पुष्टि कि डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष से संबंधित डाटा प्रोसेस किया जा रहा है या नहीं, और कम से कम प्रोसेसिंग के उद्देश्यों, प्रोसेस किए जा रहे डाटा की श्रेणियों, और प्राप्तकर्ताओं या उन प्राप्तकर्ताओं की श्रेणियों, जिनके समक्ष व्यक्तिगत डाटा प्रकट किया गया है, से संबंधित जानकारी;
  - प्रोसेसिंग के दौर से गुजर रहे व्यक्तिगत डाटा तथा उसके स्रोत के बारे में किसी उपलब्ध सूचना का डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को एक सुगम रूप में संदेश;
  - किसी स्वचालित निर्णय से संबद्ध तर्क का ज्ञान।
- व्यक्तिगत डाटा की अपूर्ण या अशुद्ध प्रकृति के वजह से, जैसा उपयुक्त हो, व्यक्तिगत डाटा का परिशोधन और विलोपन;
- प्रत्यक्ष विपणन के उद्देश्यों के लिए डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष से संबंधित व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग को, डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष की विशेष स्थिति से संबंधित वैध बाध्यकारी आधार पर किसी भी समय, अवरुद्ध या आपत्ति करना।

CORNING में डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को CORNING द्वारा उनके बारे में सुरक्षित रखे जाने वाले व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच प्राप्त करने, उसे ठीक करने एवं मिटाने, और साथ ही व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग को अवरुद्ध करने या उस पर आपत्ति करने का अधिकार प्रदान करने से संबंधित भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों का वर्णन करने के लिए एक कार्यविधि है।

---

[10] "प्राप्तकर्ता" का अर्थ कोई प्राकृतिक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या कोई अन्य निकाय होगा जिसके समक्ष डाटा प्रकट किया जाता है, भले ही वह कोई तृतीय पक्ष हो या न हो; हालाँकि, ऐसे प्राधिकारी जो एक विशेष जाँच के ढाँचे के अंतर्गत डाटा प्राप्त कर सकते हैं प्राप्तकर्ता नहीं माने जाएँगे।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष अपने अनुरोधों को स्थानीय स्तर पर या तो स्थानीय डाटा सुरक्षा अधिकारी (LDPO), मानव संसाधन (HR) नामित संपर्क, वैश्विक आपूर्ति प्रबंधन (GSM) प्रतिनिधि, विक्रय या विपणन प्रतिनिधियों तथा ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को डाक मेल द्वारा, व्यक्तिगत रूप से, टेलीफोन के द्वारा अथवा ईमेल के द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं जिसे प्रत्येक CORNING स्थानीय वेबसाइट पर पाया जा सकता है।

CORNING उन अनुरोधों पर आपत्ति कर सकता है जो स्पष्ट रूप से अत्यधिक हों, विशेष रूप से उनकी संख्या, या उनके पुनरावृत्ति और प्रणालीबद्ध चरित्र के आधार पर।

**सुरक्षा और गोपनीयता**

CORNING ने स्वयं द्वारा एकत्र और कायम रखे जाने वाले व्यक्तिगत डाटा को गोपनीय रखने और इसके अनधिकृत या अवैध प्रकटीकरण या इस तक पहुँच, आकस्मिक हानि, विनाश, परिवर्तन या क्षति से रक्षा करने के लिए, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और कार्यान्वयन की लागत का विचार करते हुए, उचित और वाणिज्यिक दृष्टि से यथोचित तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपाय अपना रखे हैं। इन उपायों का उद्देश्य प्रोसेसिंग में अंतर्निहित जोखिमों और सुरक्षित किए जाने वाले व्यक्तिगत डाटा की प्रकृति के सम्बन्ध में लागू डाटा सुरक्षा कानून में निहित सुरक्षा आवश्यकताओं के साथ सुसंगत तरीके में सुरक्षा का एक उचित स्तर सुनिश्चित करना है।

CORNING यह सुनिश्चित करने के लिए उचित उपाय करता है कि ऐसे आपूर्तिकर्ता, जिन्हें व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच प्रदान की जाती है, कम से कम उतने कठोर सुरक्षा उपायों को बनाए रखेंगे जितने कठोर (सख़्त) उपाय CORNING द्वारा लागू किए जाते हैं।

**आपूर्तिकर्ताओं, तृतीय पक्षों और/या तृतीय देशों को हस्तांतरण**

<u>CORNING की इकाइयों को हस्तांतरण</u>: CORNING की एक इकाई से CORNING की दूसरी इकाई को व्यक्तिगत डाटा का हस्तांतरण केवल तभी अनुमत किया जाएगा यदि हस्तांतरण किसी विशिष्ट और वैध व्यापारिक उद्देश्य पर आधारित हो, और प्राप्त करने वाली इकाई इस नीति और BCRs का और हस्तांतरण या किसी भी उत्तरवर्ती प्रोसेसिंग (इसमें आगे हस्तांतरण भी शामिल है) के बारे में लागू किसी भी अपेक्षाकृत अधिक कठोर स्थानीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करती है। जैसा कि BCRs में दिया गया है, जहाँ CORNING की एक इकाई अनुरोध करती है कि CORNING की कोई अन्य इकाई उसकी ओर से व्यक्तिगत डाटा की प्रोसेसिंग का दायित्व ले, वहाँ प्रोसेसिंग सेवाएँ प्राप्त करने वाली CORNING की इकाई CORNING की किसी ऐसी अन्य इकाई का चयन करेगी जो प्रोसेसिंग को नियंत्रित करने वाले तकनीकी और संगठनात्मक सुरक्षा उपायों के संबंध में पर्याप्त गारंटियाँ प्रदान करे, और उसे उन उपायों का अनुपालन अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए। BCRs से बाध्य CORNING की कोई भी इकाई, CORNING की किसी अन्य इकाई की ओर से प्रोसेसर[11] (संसाधक) के रूप में कार्य करते समय उन पर्याप्त गारंटियों को प्रदान करने और BCRs में निहित सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने, विशेष रूप से व्यक्तिगत डाटा का हस्तांतरण करने वाली CORNING की इकाई द्वारा प्रदत्त निर्देशों का पालन करने और किसी भी आकस्मिक या गैर-कानूनी ढंग से नष्ट करने या आकस्मिक हानि, परिवर्तन, अनधिकृत प्रकटीकरण या पहुँच के विरुद्ध व्यक्तिगत डाटा की पर्याप्त रूप से रक्षा करने के लिए तकनीकीऔर संगठनात्मक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन का दायित्व लेती है।

<u>CORNING समूह के बाहर की इकाइयों को हस्तांतरण</u>:

[11] "प्रोसेसर" का अर्थ प्राकृतिक या कानूनी व्यक्ति, सार्वजनिक प्राधिकरण, एजेंसी या नियंत्रक की ओर से व्यक्तिगत डाटा को संसाधित करने वाला कोई भी अन्य निकाय होगा। सेफ़ हार्बर शब्दावली के अंतर्गत समानार्थी शब्द एजेंट है; एजेंट एक तृतीय पक्ष है जो नियंत्रक की ओर से और उसके निर्देशों के तहत कार्य करने के लिए एजेंट के रूप में काम कर रहा है।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

-<u>आपूर्तिकर्ता</u>: CORNING ने आपूर्तिकर्ताओं के साथ यह सुनिश्चित करने के लिए लिखित अनुबंध किए हैं या करेगा कि वे व्यक्तिगत डाटा को CORNING के निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया करें, और सुरक्षा का एक उचित स्तर सुनिश्चित करने हेतु उचित सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी उपाय करें और उन्हें कायम रखें।

इसके अलावा, CORNING इस प्रकार के आपूर्तिकर्ताओं से (i) ऐसे मानक अपनाने जो कम से कम इस नीति में निहित मानकों के समकक्ष हों (ii) और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा लागू डाटा सुरक्षा कानूनों, विशेष रूप से व्यक्तिगत डाटा हस्तांतरण तथा किसी भी आगे के हस्तांतरण पर लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन किए जाने के संतोषजनक आश्वासन की अपेक्षा करेगा। इस तरह के आपूर्तिकर्ताओं की व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच केवल उनके लागू सेवा अनुबंधों में निर्दिष्ट सेवाओं के निष्पादन के उद्देश्य के लिए होगी। यदि CORNING की कोई इकाई निष्कर्ष निकालती है कि कोई आपूर्तिकर्ता इन दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है, तो यह तुरंत उचित कार्रवाई करेगी। इसके अलावा, CORNING व्यक्तिगत डाटा को यूरोपीय संघ के बाहर आपूर्तिकर्ताओं को तब तक हस्तांतरित नहीं करता है जब तक कि वे आपूर्तिकर्ता यूरोपीय संघ की गोपनीयता संबंधी प्रासंगिक अपेक्षाओं के अनुसार व्यक्तिगत डाटा को सुरक्षित करने के लिए उचित गोपनीयता और सुरक्षा नियंत्रणों को नहीं अपना लेते हैं (उदाहरण के लिए यह सुनिश्चित करके कि यूरोपीय संघ आयोग द्वारा 5 फरवरी, 2010 (c2010/0593) को अनुमोदित यूरोपीय संघ के मानक संविदात्मक अनुच्छेदों को उस स्थिति में आपूर्तिकर्ता के साथ हस्ताक्षरित किया गया है यदि उत्तरवर्ती (आपूर्तिकर्ता) ऐसे देश में रहता है जो व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा का पर्याप्त स्तर प्रदान नहीं करता है, यह निर्दिष्ट किया जा रहा है कि ये अनुच्छेद CORNING तथा यूरोपीय संघ के बाहर रहने वाले आपूर्तिकर्ता के मध्य हस्ताक्षरित किए जाएँगे)।

- <u>तृतीय पक्ष</u>: CORNING की इकाई को कुछ व्यक्तिगत डाटा तृतीय पक्षों को प्रकट करने की आवश्यकता हो सकती है। विशेष रूप से, इस तरह के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू कानूनों (उदाहरण के लिए, कर अधिकारियों के समक्ष वेतन डाटा का प्रकटीकरण) का पालन करने अथवा डाटा से संबंधित किसी व्यक्ति-विशेष के स्वास्थ्य या सुरक्षा के खतरे में होने की स्थिति में (उदाहरण के लिए, किसी दुर्घटना के मामले में) हो सकती है। CORNING व्यक्तिगत डाटा को अपने कानूनी अधिकारों की (उदाहरण के लिए, किसी मुक़दमे में) रक्षा के लिए भी प्रकट कर सकता है।

**प्रतिबद्धता, और इस नीति का अनुपालन करने हेतु लागू किए गए उपाय**

CORNING ने एक वैश्विक डाटा गोपनीयता कार्यालय स्थापित किया है और यह समय-समय पर इस नीति के पालन की निगरानी करने और प्रक्रिया किए गए व्यक्तिगत डाटा पर लागू होने वाले BCRs, कानूनों, अपेक्षाओं और संविदात्मक समझौतों का CORNING की इकाइयों और कर्मचारियों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने में सहायता करने के लिए कार्यक्रमों को लागू करती है।

इस तरह के कार्यक्रमों में आवधिक प्रशिक्षण और ऑडिट (लेखा-परीक्षण) शामिल हैं जो CORNING को यह सुनिश्चित करने में सक्षम बनाते हैं कि हमारी नीति और हमारे BCRs, सटीक, व्यापक, प्रमुखता से प्रदर्शित, पूरी तरह से लागू किए गए और सुलभ हैं।

CORNING ने एक वैश्विक डाटा गोपनीयता अधिकारी (GDPO) नियुक्त किया है, जो CORNING समूह के स्तर पर इस नीति और BCRs के अनुपालन के लिए तथा इस नीति और BCRs और साथ ही संबंधित नीतियों और कार्यविधियों के किसी भी आवश्यक विकास के लिए पहल करने और उसका समन्वय करने के लिए उत्तरदायी है। CORNING का GDPO CORNING के मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (CISO) को रिपोर्ट करता है।

**दावों को निपटाने और प्रवर्तित करने की प्रक्रिया**

CORNING की इकाइयाँ उपयुक्त निदानात्मक कार्रवाई करेंगी, जिनमें उस स्थिति में लागू कानून के अनुसार अनुशासनात्मक प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं, जब इस नीति या BCRs से असंगत तरीके से व्यक्तिगत डाटा तक पहुँचा जाता है या इसे ऐसे किसी भी तरीके से संसाधित या उसका उपयोग किया जाता है।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

यदि डाटा से संबंधित किसी व्यक्ति-विशेष का मानना है कि BCRs या इस नीति का उल्लंघन हुआ है क्योंकि उसके व्यक्तिगत डाटा को इस प्रकार संसाधित किया जाता है जो BCRs या इस नीति के साथ असंगत है, तो डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष नीचे वर्णित ढंग से एक शिकायत दर्ज कर सकता है।

डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष से प्राप्त गोपनीयता संबंधी शिकायतों को निपटाने और गोपनीयता संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने, उनका दस्तावेज़ीकरण करने, उनकी जाँच करने तथा उनका उत्तर देने हेतु भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों का वर्णन करने के लिए CORNING के पास एक कार्यविधि है।

प्रत्येक CORNING इकाई के पास इसकी इंटरनेट वेबसाइट पर डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष को, अपनी शिकायत दर्ज करने की अनुमति देने के लिए व्यावहारिक साधन हैं, जिनमें निम्नलिखित में से कम से कम एक शामिल रहता है:

- शिकायत प्रपत्र के लिए वेब लिंक,
- ईमेल पता,
- टेलीफोन नंबर, या
- डाक का पता।

**कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत की गई गोपनीयता शिकायतें**

CORNING के कर्मचारी गोपनीयता शिकायतों को CORNING के इंट्रानेट और एक्सटर्नल फेसिंग CORNING वेबसाइट पर उपलब्ध गोपनीयता शिकायत प्रपत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। गोपनीयता शिकायत प्रपत्र को पूरा करने के बाद, प्रपत्र को निम्नलिखित विधियों से प्रस्तुत किया जा सकता है:

- ई-मेल, डाक मेल, या स्थानीय डाटा सुरक्षा अधिकारी (LDPOs) या मानव संसाधन नामित संपर्कों को व्यक्तिगत रूप से सौंप कर।
- Corning डाटा गोपनीयता कार्यालय (CDPO) मेलबॉक्स, privacy@corning.com को ईमेल करें।

**डाटा से संबंधित अन्य व्यक्ति-विशेष (उदाहरण के लिए, आकस्मिक श्रमिकों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों) द्वारा प्रस्तुत गोपनीयता शिकायतें**

डाटा से संबंधित अन्य व्यक्ति-विशेष गोपनीयता शिकायतों को एक्सटर्नल फेसिंग CORNING वेबसाइट पर उपलब्ध गोपनीयता शिकायत प्रपत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। गोपनीयता शिकायत प्रपत्र को पूरा करने के बाद, प्रपत्र को निम्नलिखित विधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जा सकता है:

- ई-मेल, डाक मेल, या LDPOs, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि, GSM प्रतिनिधि या विक्रय और विपणन प्रतिनिधि को व्यक्तिगत रूप से सौंप कर।
- CDPO मेलबॉक्स, privacy@corning.com को ईमेल कर।

जब कोई शिकायत दर्ज की जाती है, तो उसे स्वीकृत कर एक यथोचित समयावधि (वैध आधार है और मामले की जटिलता के स्तर के अध्यधीन तीन महीने नवीनीकरण योग्य) के भीतर निपटाया जाना चाहिए।

यदि डाटा से संबंधित व्यक्ति-विशेष किसी स्थानीय या वैश्विक स्तर पर दिए गए उत्तरों से संतुष्ट नहीं है, तो उसे वहाँ पर प्रासंगिक DPAऔर/या सक्षम क्षेत्राधिकार के पास शिकायत दर्ज करने का अधिकार है जहाँ प्रासंगिक CORNING की इकाई स्थापित है। किसी मामले को प्रासंगिक DPA या सक्षम क्षेत्राधिकार को संदर्भित करने से पूर्व, प्रत्येक पक्ष को किसी दावे को ऊपर वर्णित आंतरिक शिकायत संबंधी प्रक्रिया के माध्यम से हल करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास करने चाहिए।

**CORNING संपर्क सूत्र**

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

इस नीति के बारे में किसी भी प्रश्न, या कोई शिकायत हैं, या अनुरोध (जैसे कि पहुँच, आपत्तियों या परिशोधनों के अनुरोध) के लिए, हम आपको GDPO से privacy@corning.com पर संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

यदि आप CORNING कर्मचारी हैं, तो आप भी अपने स्थान या डिवीज़न के स्थानीय डाटा सुरक्षा अधिकारी या मानव संसाधन नामित संपर्क से संपर्क कर सकते हैं।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

**संशोधन**

इस नीति में समय-समय पर संशोधन किया जा सकता है। इस नीति का नवीनतम संस्करण इंट्रानेट और बाह्य वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा और इसे कर्मचारियों को भी यथोचित रूप से (हार्ड कॉपी या इलेक्ट्रॉनिक संस्करण में) वितरित किया जा सकता है।

© 2015 Corning Incorporated. All Rights Reserved.